# राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज

# बिजनौर–(उ0प्र0)

## प्रशासकीय परिषद की तृतीय बैठक का

## कार्यवृत्त

- बैठक संख्या — तृतीय
- दिनांक — 08 जनवरी, 2019
- समय — 02:30 बजे (अपराह्न)
- स्थान — सिविल सर्विसेज संस्थान (सी.एस.आई.), राजभवन कालोनी, लखनऊ।



Scanned by CamScanner

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर की प्रशासकीय परिषद की तृतीय बैठक दिनांक 08.01.2019 अपराह्न 02:30 बजे, मा0 अध्यक्ष महोदय, प्रशासकीय परिषद, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, बिजनौर एवं माननीय कैबिनेट मंत्री, उ0प्र0 सरकार, की अध्यक्षता में सिविल सर्विसेज संस्थान, राजभवन कालोनी, लखनऊ में सम्पन्न हुई।

प्रशासकीय परिषद की तृतीय बैठक में उपस्थित मा0 अध्यक्ष महोदय, मा0 उपाध्यक्ष महोदय एवं समस्त सम्मानीय सदस्यगण –

| | | |
|---|---|---|
| 1 | माननीय अध्यक्ष महोदय,<br>प्रशासकीय परिषद,<br>राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज,<br>बिजनौर।<br>एवं<br>माननीय मंत्री जी,<br>प्राविधिक शिक्षा विभाग,<br>उत्तर प्रदेश, सरकार। | **अध्यक्ष** |
| 2 | माननीय उपाध्यक्ष महोदय,<br>प्रशासकीय परिषद,<br>राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज,<br>बिजनौर।<br>एवं<br>माननीय सचिव महोदय,<br>प्राविधिक शिक्षा विभाग,<br>उत्तर प्रदेश, शासन,<br>लखनऊ। | **उपाध्यक्ष** |
| 3 | माननीय कुलपति जी,<br>ए0के0टी0यू0, लखनऊ,<br>उत्तर प्रदेश। | **सदस्य** |
| 4 | निदेशक,<br>तकनीकी शिक्षा निदेशालय,<br>विकास नगर, कानपुर। | **सदस्य** |



Scanned by CamScanner

5 डा० डी०बी० शाक्यवार जी, सदस्य
वरिष्ठ वैज्ञानिक,
आई०सी०ए०आर–सी०एस०डब्लू०आर०आई०,
अविकानगर, जयपुर।

6 प्रो० के० एस० वर्मा, सदस्य
इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग,
के०एन०आई०टी०,
सुल्तानपुर।

7 प्रो० एस० पी० पाण्डेय, सदस्य
निदेशक,
राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज,
आजमगढ़।

8 प्रो० बी०के०त्रिपाठी सदस्य सचिव
निदेशक,
राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज,
बिजनौर।

<u>अपिहार्यकारण वश निम्न मा० सदस्यगण उपस्थित नही हुये–</u>

1 प्रमुख सचिव/सचिव महोदय,
वित्त विभाग,
उत्तर प्रदेश, शासन, सदस्य
लखनऊ।

2 निदेशक, सदस्य
आई०आई०टी,
कानपुर।

3 निदेशक, सदस्य
आई०आई०टी,
रूड़की।



Scanned by CamScanner

4 प्रो0 भीम सिंह,
इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग,
आई0 आई0 टी0,
दिल्ली। — **सदस्य**

5 श्री राकेश कुमार,
अधीक्षण अभियन्ता,
उत्तर प्रदेश इरीगेशन विभाग,
लखनऊ। — **सदस्य**

6 प्रो0 नवीन गर्ग,
कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग,
आई0आई0टी0,
दिल्ली। — **सदस्य**

7 प्रो0 वी0के0 गांधी,
मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग,
आई0आई0टी0,
रूड़की। — **सदस्य**

8 इंजी0 अनिल अग्रवाल,
के0एफ0–9, कवि नगर,
गाजियाबाद। — **सदस्य**

**कार्यवाही:**

प्रशासकीय परिषद की यह बैठक माननीय अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद एवं माननीय मंत्री, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 सरकार, के निर्देश पर आहूत की गयी है। सदस्य सचिव ने माननीय अध्यक्ष महोदय, मा0 उपाध्यक्ष महोदय एवं प्रशासकीय परिषद के सम्मानित सदस्यों का स्वागत करने के उपरान्त कार्यवाही प्रारंभ करने हेतु मा0 अध्यक्ष महोदय से अनुमति प्राप्त की एवं तत्पश्चात् एजेण्डा बिन्दुओं पर कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।



Scanned by CamScanner

**03.01 राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर की प्रशासकीय परिषद की दिनांक 15.09.2016 को सम्पन्न द्वितीय बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।**

परिषद की द्वितीय बैठक के अनुमोदित कार्यवृत्त की प्रति परिषद द्वारा अवलोकन के उपरान्त परिषद द्वारा कार्यवृत्त की पुष्टि की गई। पुष्टि के उपरान्त प्रशासकीय परिषद द्वारा सहमति प्रदान की गयी।

**03.02 राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर की प्रशासकीय परिषद की दिनांक 15.09.2016 को सम्पन्न द्वितीय बैठक में निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

दिनांक 15.09.2016 को सम्पन्न प्रशासकीय परिषद की द्वितीय बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही से अवगत कराया। कृत कार्यवाही पर माननीय परिषद द्वारा संतोष व्यक्त किया गया।

**03.03 राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर की प्रशासकीय परिषद की दिनांक 15.09.2016 को सम्पन्न द्वितीय बैठक के बाद संस्थान में हुये विकास कार्यो एवं अन्य शैक्षिक क्रिया–कलापों से परिषद को अवगत कराना एवं नये कार्स पर निर्णय।**

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर की प्रशासकीय परिषद की दिनांक 15.09.2016 को सम्पन्न द्वितीय बैठक के बाद संस्थान में हुये विकास कार्यो, शैक्षिक एवं अन्य क्रिया–कलापों से परिषद अवगत हुई। समस्त भौतिक प्रगति पर माननीय अध्यक्ष महोदय, मा0 उपाध्यक्ष महोदय एवं सदस्यगणों द्वारा संतोष व्यक्त किया गया। निर्माण व मेन्टीनेन्स के कार्यो से प्रशासकीय परिषद अवगत हुयी। कार्यदायी संस्था यू0पी0आर0एन0एस0एस0, मुरादाबाद के निर्माणाधीन कार्यो को पूर्ण करने के निर्देश दिये। परिषद ने परियोजना प्रबन्धक सी0एण्ड0डी0एस0 से शीघ्र कार्य पूर्ण करने के लिये कहा। परिषद वित्त समिति 2018–19 के निर्णयों (आय–व्ययक) एवं दिनांक 02.01.2019 के केन्द्रीय क्रय समिति के कार्यवृत्त से अवगत हुयी तथा अनुमोदन प्रदान किया।

संस्थान में दो नयी ब्रान्चों (कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग) के लिये शैक्षिक पदो के सृजित न होने के दृष्टिगत माननीय परिषद ने इन दो ब्रान्चों को वर्ष 2019–20 से बन्द किये जाने के निर्देश दिये। परिषद ने यह भी निर्देश दिये कि छात्र हित में, वर्ष 2018–19 में कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग ब्रान्च में एडमीशन लिये छात्र–छात्राओं का चार वर्ष का कोर्स पूर्ण करा दिया जाय।

**03.04 प्रशासकीय परिषद व अन्य समितियों में सदस्यों के नामांकन की सूचना व औपचारिक अनुमोदन।**

1. उ0प्र0 शासन प्राविधिक शिक्षा के आदेश संख्या 2491/सोलह–1–2017–14(34)/2016 दिनांक 05 दिसम्बर, 2017 द्वारा राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर के बायलेंज के नियम 7 (XI-XIII) एवं (XIV) में प्राविधानित व्यवस्थानुसार संस्थान की प्रशासकीय परिषद में सदस्य (तकनीकी क्षेत्र) प्रो0 एस0 पी0 पाण्डेय, निदेशक, जीबीपी इंजीनियरिंग कॉलेज, पौढ़ी (उत्तराखण्ड) (अब निदेशक,



Scanned by CamScanner

राजकीय इंजीयरिंग कॉलेज, आजमगढ़), प्रो0 नवीन गर्ग, कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग, आई0आई0टी0, दिल्ली, एवं प्रो0 वी0के0 गांधी, मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग, आई0आई0टी0, रुड़की (उत्तराखण्ड) तथा सदस्य (उद्यमी क्षेत्र) इंजी0 अनिल अग्रवाल पुत्र स्व0 श्री हरिशचन्द्र अग्रवाल, के0एफ0–9, कवि नगर, गाजियाबाद को नामित किये जाने से परिषद अवगत हुई।

2. दिनांक 25.07.2017 एवं दिनांक 08.01.2018 को माननीय अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद ने सोसाइटी बाईलाज के नियम 7 के उपनियम (XV & XVI) अंर्तगत प्रशासकीय परिषद के सदस्य (अनुसूचित जाति/जनजाति नामित) डा0 डी0बी0 शाक्यवार जी, पूर्व निदेशक, यू0पी0टी0टी0आई, कानपुर (अब वरिष्ठ वैज्ञानिक, आई0सी0ए0आर–सी0एस0डब्लू0आर0आई0, अविकानगर, जयपुर) तथा सदस्य (पिछड़ा वर्ग नामित), प्रो0 के0 एस0 वर्मा, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग, के0एन0आई0टी0, सुल्तानपुर, को नामित किये जाने से परिषद अवगत हुईं।

3. सोसाइटी बाईलाज के नियम–7 के उपनियम (VIII) के अर्न्तगत प्रशासकीय परिषद के सदस्य (टेक्नोलॉजिस्ट नामित) हेतु तत्कालीन निदेशक द्वारा दिनांक 27.06.2017 को तीन नाम प्रस्तावित किये थे। जिस पर प्रशासकीय परिषद के सदस्य (टेक्नोलॉजिस्ट नामित) श्री राकेश कुमार के नामांकन पर परिषद द्वारा औपचारिक अनुमोदन प्रदान किया गया।

**03.05 संस्थान में निदेशक पद पर की गयी नियुक्ति की सूचना व औपचारिक अनुमोदन।**

मा0 अध्यक्ष महोदय, प्रशासकीय परिषद के आदेश संख्या आर.ई.सी./कैम्प/बी.ओ.जी/बिजनौर/2018–267 दिनांक 19.01.2018 द्वारा निदेशक/प्राचार्य के पद पर प्रो0 बी0के0 त्रिपाठी, प्रोफेसर कम्प्यूटर साइंस एण्ड अभियंत्रण विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर की तीन वर्ष की अवधि के लिये नियुक्ति की गयी है। प्रो0 बी0के0त्रिपाठी द्वारा निदेशक/प्राचार्य के पद दिनांक 28.01.2018 को कार्यभार ग्रहण किये जाने से परिषद अवगत होते हुये औपचारिक अनुमोदन प्रदान किया।

**03.06 संस्थान में शिक्षक पदों के चयन एवं चार शिक्षकों द्वारा इस्तीफा देने की सूचना व औपचारिक अनुमोदन।**

संस्थान में शैक्षिक पदों पर चयन हेतु जारी विज्ञापन संख्या 01/Advt/RECM/2017 दिनांक 12.05.2017 के सापेक्ष नियुक्ति 01 एसोसिएट प्रोफेसर एवं 26 असिस्टेन्ट प्रोफेसर द्वारा संस्थान में कार्यभार ग्रहण किया गया। उनमें चार शिक्षकों का अन्यत्र स्थान पर नियुक्ति होने के कारण संस्थान से 01 एसोसिएट प्रोफेसर (डा0 विनोद कुमार यादव, ई0ई0 विभाग) एवं 03 असिस्टेंट प्रोफेसर (डा0 अफजल सिकन्दर, ई0ई0 विभाग, मो0 एहतेशाम, ई0ई0 विभाग एवं मि0 अनुराग शुक्ला, सी0ई0 विभाग) के त्याग पत्र दिये जाने से परिषद अवगत होते हुये, शिक्षक पदों पर शिक्षकों के चयन एवं चार शिक्षको के इस्तीफा पर औपचारिक अनुमोदन प्रदान किया।



Scanned by CamScanner

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर में सृजित व रिक्त पदों के सापेक्ष शिक्षकों की नियुक्ति हेतु वर्ष 2017 में अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त होने व अधिकांश आवेदकों द्वारा उ0प्र0 राज्य के अन्य शासकीय अनुदानित इंजीनियरिंग कॉलेजों में भी आवेदन करने के कारण यह निर्णय लिया गया था कि राज्य के संबंधित शासकीय अनुदानित इंजीनियरिंग कॉलेजों में शिक्षकों के पदों पर आवेदन करने वाले आवेदकों की एक कामन लिखित परीक्षा करायी जाय व एक कामन इन्टरव्यू कराते हुये अन्तिम रूप से चयन की कार्यवाही सम्पादित की जाये। तद्नुसार कार्यवाही करते हुए चयन समिति द्वारा दिनांक 08 दिसम्बर 2017 को संस्थान में 27 नियमित शिक्षकों का चयन किया गया। उक्त नियमित शिक्षकों की नियुक्ति व उससे सम्बन्धित चयन की प्रक्रिया से प्रशासकीय परिषद अवगत हुयी तथा कार्येत्तर अनुमोदन प्रदान किया।

भवष्यि में भी ज्यादा संख्या में अभ्यर्थियों के आवेदन आने व इन आवेदकों द्वारा राज्य के अन्य शासकीय अनुदानित इंजीनियरिंग कॉलेजों में आवेदन किये जाने की संभावना के कारण प्रशासकीय परिषद द्वारा संस्थान के शिक्षकों के सृजित व रिक्त पदों पर चयन हेतु एक सम्यक दिशा निर्देश निर्गत करने के लिये शासन से अनुरोध किये जाने की संस्तुति की गयी।

**03.07 संस्थान में संचालित परियोजना टेक्विप–तृतीय से संचालित गतिविधियों की सूचना एवं अनुमोदन।**

TEQIP-III परियोजना का सकुशल संचालन राजकीय इंजीनियरिंग कालेज बिजनौर में चल रहा है जिसके अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियों (बिन्दु संख्या **03.07.01, 03.07.02 (03.07.02.01, 03.07.02.02 एवं 03.07.02.03), 03.07.03, 03.07.04 एवं 03.07.05**) से परिषद अवगत होते हुए समस्त बिन्दुओं पर कार्योत्तर स्वीकृति की तथा औपचारिक अनुमोदन प्रदान किया।

**03.08 संस्थान में संचालित परियोजना टेक्विप–तृतीय से संभावित नये कार्यो (प्रोक्योरमेन्ट एण्ड ऐकेडमिक गतिविधियाँ) पर विचार एवं अनुमोदन।**

संस्थान संचालित परियोजना टेक्विप–तृतीय से संभावित नये कार्यो (प्रोक्योरमेन्ट एण्ड ऐकेडमिक गतिविधियाँ) करने हेतु टेक्विप समिति द्वारा दिये गये प्रस्ताव से परिषद अवगत होते हुए अनुमोदन प्रदान किया।

**03.09 डी0डी0यू0–क्यू0आई0पी0 योजना में होने वाले सम्भावित कार्यो पर विचार एवं अनुमोदन।**

डी0डी0यू0–क्यू0आई0पी0 योजना के अन्तर्गत संस्थान व छात्र हित में किये जाने वाले कार्यो हेतु डी0डी0यू0–क्यू0आई0पी0, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर समिति द्वारा दिये गये प्रस्ताव से अवगत होते हुए, किये गये कार्यो पर कार्योत्तर स्वीकृति एवं प्रस्ताव पर परिषद द्वारा औपचारिक अनुमोदन प्रदान किया।

**03.10 शिक्षकों तथा गैर शिक्षकों के ए0सी0आर प्रपत्र पर अनुमोदन।**



Scanned by CamScanner

संस्थान राजकीय इंजीयिरिंग कॉलेज, बिजनौर के समस्त संकाय सदस्य एवं स्टाफ की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट भराये जाने हेतु प्रस्तुत फॉर्मेट (गोपनीय रिर्पोट की प्रति) से परिषद अवगत होते हुए अनुमोदन प्रदान किया।

**03.11 संस्थान के मोनाग्राम पर विचार एवं अनुमोदन।**

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर राज्य सरकार द्वारा वित्त पोषित एवं नियंत्रित संस्थान है। संस्थान का नवीन नामकरण (राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर) का अनुमोदन शासन द्वारा प्रदान किया गया है। पहचान के तौर पर एवं प्रचलित व्यवस्था के अनुसार संस्थान हेतु प्रस्तुत प्रतीक चिन्ह (मोनोग्राम) से परिषद अवगत होते हुए अनुमोदन प्रदान किया।

**03.12 अन्य, अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।**

1. मानव संसाधन विकास मंत्रालय (एम0एच0आर0डी0), भारत सरकार द्वारा टेक्विप–तृतीय के लिये की गयी अपेक्षा के क्रम में राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर की प्रशासकीय परिषद के अध्यक्ष के रूप में मा0 मंत्री जी, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 सरकार के स्थान पर शिक्षाविदों/उद्योगविदों को राज्य सरकार द्वारा दो वर्ष के लिये नामित किये जाने विषयक का प्रस्ताव शासन को भेजे जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

2. राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर में ग्रेड पेय 4600/– अथवा अधिक के सृजित व रिक्त पदो के सापेक्ष गैर–शैक्षणिक पदों पर नियुक्ति हेतु पुनः विज्ञापन किये जाने का प्रशासकीय परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

3. राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर में सृजित व रिक्त शैक्षिक पदों को भरे जाने संबंधी प्रस्ताव का प्रशासकीय परिषद ने अवलोकन किया। एन0बी0ए0 एक्रीडिटेशन की आवश्यकता के दृष्टिगत प्रशासकीय परिषद द्वारा नियमित प्रोफेसर एवं एसोसिएट प्रोफेसर के सृजित व रिक्त पदों पर अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा जारी नये छात्र शिक्षक अनुपात 20 : 1 के मानकों के अनुरूप निर्धारित प्रक्रिया अपनाते हुये नियुक्ति की कार्यवाही किये जाने हेतु विज्ञापन आदि की कार्यवाही किये जाने का प्रशासकीय परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया तथा मानकों से अधिक तथा पूर्व से सृजित व रिक्त शैक्षिक पदों पर कोई भी नियुक्ति न किये जाने के निर्देश दिये गये।

   संस्थान की आवश्यकता के अनुसार नियमित प्रोफेसर एवं एसोसिएट प्रोफेसर के सृजित व रिक्त पदों पर नियुक्ति होने तक इन पदों पर सेवानिवृत्त शिक्षकों (प्रोफेसर/एडजन्क्ट प्रोफेसर/एसोसिएट प्रोफेसर), जिनकी अधिकतम आयु सीमा 70 वर्ष हो, को 03 वर्ष के लिये नियत मानदेय पर संविदात्मक आधार पर नामांकन/चयन किये जाने हेतु विज्ञापन आदि की कार्यवाही किये जाने पर प्रशासकीय परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।



Scanned by CamScanner

4. एन.बी.ए समन्वयक की अध्यक्षता में गठित संकाय सदस्यों की समिति द्वारा आर.ई.सी., बिजनौर के लिये तैयार विजन व मिशन स्टेटमेन्ट को अंगीक्रत करने पर परिषद ने औपचारिक अनुमोदन प्रदान किया।

5. प्रशासकीय परिषद द्वारा नियमित अंतराल पर व्यय की समीक्षा करते हुये आवश्यकता अनुसार व्यय नियंत्रण के प्रतिबंध के साथ राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर को एक अदद् वाहन के किराये पर प्रयोग किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया तथा वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या 4/2018/आर0जी0–1021/दस/2018–मित0–1/2017 दिनांक 18.09.2018 में दिये गये निर्देशों के अनुसार वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन की सहमति लिये जाने हेतु शासन को पत्र भेजने के लिये निर्देशित किया गया।

6. संस्थान में नियमित शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के कार्यरत न होने के दृष्टिगत प्रशासकीय परिषद ने अपट्रान पावरट्रानिक्स लि0 को संस्थान के नये मानव सेवा प्रदाता के रूप में अनुमोदन प्रदान किया। मितव्ययिता हेतु, वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिये, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन के दिशा निर्देश संख्या 4/2018/आर0जी0–1021/दस/2018–मित0–1/2017 दिनांक 18.09.2019 के क्रम में आउटसोर्सिंग से जनशक्तियां लिये जाने हेतु वित्त विभाग की सहमति लिये जाने हेतु पत्र शासन को भेजने के निर्देश दिये गये।

7. संस्थान की प्रशासकीय परिषद के कार्यवृत्तों को संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड कराये जाने के लिये परिषद ने अनुमोदन प्रदान किया।

8. संस्थान के निम्नलिखित मदों हेतु प्रशासकीय परिषद द्वारा पॉच सदस्यीय समिति गठित किये जाने के संबंध में अनुमोदन

प्रशासकीय परिषद द्वारा निम्नलिखित मदों के संबंध में एकसमान नीति/दिशा निर्देश बनाने हेतु एक समिति गठन करने के लिये शासन से अनुरोध करने हेतु निर्देशित किया गया–

(क) राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर के ऐसे छात्रों, जिन्हें उत्तर प्रदेश शासन द्वारा छात्रवृत्ति दी जाती है, के द्वारा पूर्व वर्षो में संस्थान में फीस न जमा कराये जाने से उत्पन्न समस्या के लिये जिम्मेदारी निर्धारित करने, समस्या के कारणों एवं उनके निवारणों के संबंध में।

(ख) विभिन्न संस्थानों की प्रशासकीय परिषद व अन्य समितियों की बैठकों में प्रतिभाग करने हेतु सदस्यों/बाह्य सदस्यों को दिये जाने वाले मानदेय की एकरूपता निर्धारित किये जाने के संबंध में।

(ग) संस्थान द्वारा फैकल्टी डेवेलपमेन्ट प्रोग्राम अथवा इसी प्रकार की अन्य योजनाओं में फैकल्टी सदस्यों के प्रतिभाग किये जाने हेतु एकसमान नीति/दिशा निर्देश निर्धारित किये जाने के संबंध में।



Scanned by CamScanner

(घ) उत्तर प्रदेश के विभिन्न राजकीय संस्थानों की परीक्षण तथा परामर्शी (टेस्टिंग एंड कन्सलटेन्सी) नियमावली में एकरूपता लाने एवं कार्पस फण्ड/इनडाउमेंट फण्ड की नियमावली बनाने के संबध में।

**अन्त में बैठक मा0 अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुई।**

08/01/19
(प्रो0 बी0के0 त्रिपाठी)
निदेशक
एवं
सदस्य सचिव,
प्रशासकीय परिषद,
राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर।

(श्री भुवनेश कुमार, आई0ए0एस0)
उपाध्यक्ष
प्रशासकीय परिषद,
राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज,बिजनौर।
एवं
मा0 सचिव महोदय,
प्राविधिक शिक्षा विभाग,
उत्तर प्रदेश, शासन, लखनऊ।

(श्री आशुतोष टण्डन "गोपाल जी")
अध्यक्ष
प्रशासकीय परिषद,
राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर।
एवं
माननीय मंत्री जी,
प्राविधिक शिक्षा विभाग,
उत्तर प्रदेश, सरकार।



Scanned by CamScanner